## महत्वपूर्ण एवं खास

### राशनकार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** अब तक शेष बचे हितग्राहियों के लाभ के लिए राशन कार्ड नवीनीकरण कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक का अवसर है। वन नेशन वन कार्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही परिवार के सभी सदस्यों के आधारकार्ड और अंगूठे का ईकेवाईसी करना अनिवार्य है। इसमें परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के अलग अलग स्थानों में निवास कर रहे हैं तो वे सदस्य अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपना ईकेवाईसी और राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य पूरा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राशन कार्ड का चालू हालत में होना बहुत जरुरी कार्य है। इस कार्ड की आवश्यकता राशन के अलावा केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लाभ के लिए एक प्रमुख दस्तावेज है। इन योजनाओं में राशन, आवास, इलाज, छात्रवृत्ति, शिक्षा, लोन आदि शामिल हैं। प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड नवीनीकरण कराना नितांत आवश्यक कार्य है।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ख्याति प्राप्त इच्छुक कलाकारों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर जिले में आयोजित राज्योत्सव में अपने कला का प्रदर्शन करने के इच्छुक, जिले के निवासी कलाकार जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय, राज्य और संभाग स्तर में अपने सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया है, वो अपना नाम, पता, विधा का नाम, मोबाइल नंबर, पुरस्कार आदि का विवरण देते हुए आवेदन पत्र 30 अक्टूबर तक कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला पंचायत खेलभाटा मैदान के पास सारंगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

### पांच माह पहले हाथियों ने ढहाया था मकान, अब तक नहीं मिला मुआवजा

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वन मंडल अंतर्गत ऐतमानगर रेंज के ग्राम बंजारी के आश्रित ग्राम कटमोरगा की एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर को पांच माह पूर्व हाथियों ने तोडक़र तबाह कर दिया। मुअवाजा राशि का भुगतान नहीं होने से महिला परिवार सहित क्षतिग्रस्त मकान पर रहने को मजबूर है। पीड़ित महिला मथनकुंवर ने बताया कि मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने पर नुकसान का आकलन करने वन विभाग की टीम पहुंची थी। मुआवजे का प्रकरण भी बनाया गया लेकिन राशि माह बीतने के बाद भी आज तक नहीं मिली। बुजुर्ग ने बताया कि सब्जी भाजी बेचकर किसी तरह अपना जीवन यापन करती है। खुद का मकान टूट जाने के बाद वह अपने पुत्र के साथ रह रही है, उसे भी हाथियों ने ध्वस्त कर दिया है। क्षतिग्रस्त मकान में परिवार सहित भयपूर्ण जीवन व्यतीत कर रही है। मथन कुंवर ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय जाकर भी गुहार लगा चुकी है। क्षेत्र के ऐसे कई ग्रामीण हैं, जिनकी क्षतिपूर्ति का निराकरण नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। महिला ने वन मंडलाधिकारी से निराकरण की मांग की है।

### ट्रेडिंग कंपनी के दुकान से नकदी 1 लाख 60 हजार पार

**रायपुर (आरएनएस)।** नयापारा फौव्वारा चौक के पास ट्रेडिंग कंपनी दुकान का खिडक़ी को तोडक़र अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 60 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आदित्य अग्रवाल 30 वर्ष मेग्रेटो सिग्रेचर होम तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का नयापारा फौव्वारा चौक स्थित ट्रेडिंग कंपनी का दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का खिडक़ी तोडक़र अज्ञात चोर ने लॉकर में रखे नकदी 1 लाख 60 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# नगर के ललिता नाग एवं सुंदर लाल साय को दिल्ली में चाइल्ड केयर अवार्ड से किया गया सम्मानित

- जशपुर में 40 लाइका घर किया जा रहा संचालित
- 80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे है

**जशपुर-रायपुर । आरएनएस**




जिले की पोषण महिला कार्यकर्ता ललिता नाग एवं किनकेल सरपंच सुंदर लाल साय को शुक्रवार को दिल्ली में फोर्सेस द्वारा अंतरराष्ट्रीय देखभाल और सहायता दिवस 2024 के अवसर में भारत के बाल देखभाल श्रमिकों का जश्न मनाने' के अवसर पर चाइल्ड केयर चैंपियंस अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया द्य जिला प्रशासन और एकजुट संस्था के माध्यम से जशपुर जिले में लइका घर का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिले के जशपुर विकास खंड में 40 लइका घर संचालित किया जा रहा है। और 80 केयर टेकर बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एकजुट भारत में एक गैर- लाभकारी/सरकारी स्वैच्छिक संगठन है जो छत्तीसगढ़ में जशपुर एवं धरमजयगढ़ प्रखंड में बच्चों के कुपोषण की रोकथाम पर कार्य कर रहा है। दोनों को एकजुट संगठन द्वारा नामित किया गया था। वर्तमान में यह संगठन कई राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश,उड़ीसा,बिहार,राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से अधिक क्रेच / लाइका घर चला रहा है, जिसमें लगभग 10,000 छोटे बच्चे शामिल हैं। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले,विभिन्न राज्यों से नामांकित व्यक्ति थे, जिनमें पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्य भी शामिल थे, जिन्होंने बच्चों के लिए कुछ अच्छे काम किए हैं और पूरे भारत में सभी नामित कार्यकर्ता थे। 8 पुरस्कार विजेताओं में से 4 विजेता एकजुट से थे। एकजुट के क्रेच मॉडल में संपूर्ण डे केयर सेवाओं का संग्रह है, जिसमें संरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, गर्म पका हुआ भोजन और हस्तनिर्मित खिलौनों का उपयोग करके इंटरैक्टिव गेम जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

काम का यह व्यापक चक्र प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास एवं देखभाल, वृद्धि निगरानी, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और महिलाओं के सशक्तीकरण को सुनिश्चित करता है। एकजुट 22 वर्षों से काम के लिए प्रतिबद्ध है।

**बच्चों की देखभाल में दोनों की भूमिका सराहनीय :**

ललिता नाग जशपुर से नीमगांव के लाइका घर में कार्यरत है और एकजुट संस्था से जुडक़र 6 महीनों से तीन साल के बीच के छोटे बच्चों की देखभाल और सहायता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

सुंदरलाल साय किनकेल सरपंच जशपुर से है जो उनके पंचायत अंतर्गत चल रहे लाइका घर केरे और किनकेल गांव में महत्पूर्ण योगदान प्रदान करते आ रहे हैं।

## जिले में अब तक 1161 मरीजों के मोतियाबिंद का हुआ है सफल ऑपरेशन

**जशपुर-रायपुर । आरएनएस**



जशपुर जिले में मोतियाबिंद मुक्त अभियान अंतर्गत 25 एवं 26 अक्टूबर 2024 को कुल 72 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। जिसमें 57 मोतियाबिंद मरीजों में से जिला चिकित्सालय में 32 तथा सिविल अस्पताल पत्थलगांव में 25 मोतियाबिंद तथा 15 अन्य आँख विकार जैसे टेरिजियम, डरमोइड व सिस्ट का सफल ऑपरेशन की शुरुआत की गई। जिसका जिला चिकित्सालय में सफलतम सर्जरी विजिटिंग सर्जन डॉ. बलवंत सिंह जिला कोरिया, डॉ. रजत टोप्पो जिला चिकित्सालय अंबिकापुर एवं स्थानीय नेत्र सर्जन डॉक्टर अनिता मिंज सिविल अस्पताल पत्थलगांव के द्वारा किया गया।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन मे मोतियाबिंद सर्जरी का आयोजन प्रत्येक सप्ताह विजिटिंग एवं स्थानीय सर्जन द्वारा ऑपरेशन का संपादन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय एवं सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे मोतियाबिंद सर्जरी हो रहा है। जिसमें पात्र मरीजों का सफल सर्जरी किया जा रहा है। इस अभियान में अब तक इस वित्तीय वर्ष में 1164 मरीजों का नि: शुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। जिसमें मरीजों को नि:शुल्क परिवहन,भोजन तथा सर्जरी की सुविधा प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आमजन मानस से अपील कर इस निर्धारित दिवसों मे अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया है तथा मोतियाबिंद सर्जरी संबंधित जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग का का हेल्प लाइन नम्बर 9131318933, 9340797400 जारी कर शिविर की तिथि आदि की जानकारी हेतु सम्पर्क करने का भी अपील किया है। इसके अतिरिक्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी तथा नेत्र सहायक अधिकारियों से भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि इस अभियान में लोगों के द्वारा स्वयं जागरूकता दिखाई जा रही है एवं मोतियाबिंद तथा अन्य आँख विकार ऑपरेशन का पहल किया जा रहा है। जिसमें जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के दौरान अन्य सभी सुविधाएं मरीजों को प्रदाय किया जा रहा है एवं जरूरतमंद लोगों को परिवहन,भोजन ,रहने की सुविधा दी जा रही है । इस सफल शिविर हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, नेत्र सहायक अधिकारियों एवं जिले के मितानिनों का अहम योगदान रहा है।

## लेमरु में पिटाई से गंभीर महिला की मौत, पड़ोसी को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**कोरबा । आरएनएस**

मजाक में पड़ोस में रहने वाली महिला को डंडा से मार दिया। इस पर महिला के पति ने घर में घुस कर डंड से जमकर पिटाई कर दी। बाद में पड़ोसन महिला की मौत हो गई। मामले की सुनवाई उपरांत तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला लेमरू थाना अंतर्गत ग्राम नकिया मांझापारा में हुआ। यहां तुलसराम मंझवार अपनी पत्नी सरोज बाई के साथ निवासरत है। 30 जुलाई 2023 को तुलसराम खेत जोतने के लिए गया था। शाम को वह वापस लौटा तो घर पर पत्नी नहीं दिखी। तब उसने अपनी साली सीतो बाई से पूछा, तो उसने बताया कि घर के पीछे परछी में उसकी पत्नी सरोज सो रही है। तुलसराम ने पत्नी से चर्चा की, तो उसने बताया कि दोपहर तीन बजे मजाक में मानकुंवर को डंडा से मारी थी। इस पर उसका पति छोटू उर्फ समार साय ने डंडा से मारा है। शरीर में चोट लगी है और दर्द जो रहा है, इसलिए सो रही हूं। रात नौ बजे तुलस राम अपनी पत्नी को खाना खाने के लिए उठाने गया, तो उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में मामले की सूचना लेमरू थाना में दी गई।

पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट के आधार पर समार साय को धारा 302, 450 के तहत गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया। अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने शासन की ओर से पैरवी करते हुए बताया कि प्रकरण की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के न्यायालय में हुई।

## चयनित गांवों में 28 अक्टूबर को होगा आयुष्मान महाअभियान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में जिले में वंचित नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 28 अक्टूबर को जिले में महाअभियान का शिविर आयोजन किया जाएगा। कोई भी नागरिक आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए तक फ्री में इलाज करा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड के लिए सभी नागरिकों को आधार कार्ड और राशन कार्ड की फोटोकॉपी लाना होगा। बरमकेला ब्लॉक में सेक्टर सरिया से ग्राम सांकरा, बरमकेला सेक्टर से बड़े नवापारा, बोंदा सेक्टर से गोबरसिंघा, डोंगरीपाली सेक्टर से घोघरा एवं पड़ोस के गांव। लेंध्रा सेक्टर से लेंध्रा गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सारंगढ़ ब्लॉक से सेक्टर भेड़वन से बरदुला, सेक्टर कनकबीरा से दानसरा, सेक्टर हिर्री से चंदाई, सेक्टर ग़ोड़म से छर्रा,सेक्टर कोसीर से छिंद में शिविर लगाए जाएंगे। इस प्रकार बिलाईगढ़ ब्लॉक में सेक्टर बिलाईगढ़ से देवरबोड गांव, सेक्टर पवनी से पुरगांव, सेक्टर धनसीर से सलिहा, सेक्टर भटगांव से सलोनीकला, सेक्टर गोपालपुर से गिरसा, सेक्टर गाताडीह से रायकोना, सेक्टर सरसीवां से बालपुर तक में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले में कुल 17 गांव चयनित किए गए हैं, जहां प्रचार प्रसार करवाए गए और गांव के कुष्ठ मरीज खोजेंगे एवं पुराने उपचाररत टीबी के मरीजों के लिए निश्चय मित्र भी बनाएंगे।

## पेट में चाकू घोंपकर बदमाश की हत्या, दो दिन पहले हुई थी शादी

**दुर्ग । आरएनएस**




जिले में शादी के एक दिन बाद बदमाश की हत्या कर दी गई। उसमें अपनी प्रेमिका के साथ दो दिन पहले ही लव मैरिज की थी। उसकी पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं उतरी है। हत्या के बाद आरोपी भाग गया। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, शांति नगर निवासी विकास और परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोफू दोनों आदतन निगरानी बदमाश हैं। इनके बीच पहले दोस्ती थी, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों की दोस्ती दश्मनी में बदल गई। शनिवार दोपहर को दोनों के बीच फिर विवाद हो गया। दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि, विकास ने परमेश्वर के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अधिक खून बहने से इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हत्या के बाद आरोपी मौके से भाग गया। बताया जा रहा है कि, जब विकास परमेश्वर पर चाकू लेकर हमला करने पहुंचा, तो वहां दोस्त जितेंद्र सोनी खड़ा था। वो परमेश्वर को बचाने पहुंचा। इससे विकास इतने गुस्से में आ गया कि, उसने उस पर भी हमला कर दिया। इससे वो भी जख्मी हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि, पहले भी दोनों के बीच कई बार विवाद हो चुका है। उनके बीच मारपीट का मामला थाने भी पहुंचा था। घटना के बाद से फरार आरोपी विकास को पकडऩे के लिए पुलिस की कई टीम अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## नकली बीड़ी बनाने के धंधे का हुआ पर्दाफाश, नेता का भाई गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ । आरएनएस**



कहीं आप बीड़ी पीने के शौकिन तो नहीं हैं, उसमें भी गोला छाप, मेघना और भोला छाप जैसी ब्रांडेड कंपनी की. तो सतर्क हो जाइए. डोंगरगढ़ में पुलिस छापेमारी के दौरान इन कंपनियों के साथ-साथ अन्य कंपनियों की नकली बीड़ी बेचने का गोरखधंधा उजागर हुआ है. मामले में स्थानीय भाजपा नेता के भाई को गिरफ्तार किया गया है.

नकली बीड़ी बनाने और बेचने का पर्दाफाश तब हुआ, जब धमतरी के गोला बीड़ी वर्क्स के मालिक जतीन मिरानी ने राजनांदगांव एसपी से शिकायत की कि उनकी कंपनी के नाम पर नकली बीडिय़ां बाजार में बेची जा रही हैं. शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डोंगरगढ़ के दंतेश्वरी पारा इलाके में भाजपा के स्थानीय नेता देवेंद्र साखरे के भाई रविंद्र साखरे के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की.

इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों कट्टे नकली गोला बीड़ी, बिना लेबल की बीड़ी, हजारों रैपर, होलोग्राम और लगभग सभी बड़े ब्रांड्स के नकली लेबल बरामद किए. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ती बीडिय़ां खरीदकर उन्हें ब्रांडेड बीड़ी के रूप में पैक कर बेचता था, जिससे उसे अच्छा मुनाफा होता था.

फिलहाल, पुलिस ने आरोपी रविंद्र साखरे के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और अन्य कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई की है, लेकिन बीड़ी निर्माता कंपनी ने भाजपा नेता देवेंद्र साखरे के खिलाफ भी कार्रवाई की माँग की है, जिसपर पुलिस ने देवेंद्र साखरे और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी है.

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## निर्माणाधीन फोरलेन सड़क में राख डाले बिना ही 3.40 करोड़ रुपये का कर दिया फर्जी भुगतान

- 1.88 लाख क्यूबिक मीटर राख आपूर्ति में घोटाला

**कोरबा । आरएनएस**

कोरबा- चांपा व उरगा- पत्थलगांव फोरलेन सडक़ निर्माण के लिए राख आपूर्ति किए जाने 3.40 करोड़ का फर्जीवाड़ा सामने आया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) का फर्जी एनओसी प्रस्तुत कर करीब 1.88 लाख क्यूबिक मीटर राख परिवहन का बिल तैयार कर भुगतान प्राप्त कर लिया गया। आरटीआइ से निकाली गई जानकारी के बाद कूटरचना की इस घटना की शिकायत पुलिस में किए जाने की अनुशंसा एनएचएआइ ने की है। 20 दिन बाद भी अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

राख खपत की चुनौती से जूझ रहे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी (सीएसपीजीसीएल) भर चुके राखड़ डैमो को खाली कराने पिछले तीन साल से राख का परिवहन करा रहे। करोड़ों रुपये खर्च कर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों का पालन प्रबंधन करा रही। इसे अब भ्रष्टाचार का जरिया भी अधिकारियों ने बना लिया है। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र (डीएसपीएम) के तत्कालीन अधीक्षण यंत्री सुबोध शुक्ला के कार्यकाल के दौरान बोगस बिल से 3.40 करोड़ का भुगतान किए जाने का पर्दाफाश हुआ है। डीएसपीएम के गोढ़ी राखड़ डैम से कोरबा में निर्माणाधीन कोरबा-चांपा व उरगा- पत्थलगांव फोरलेन सडक़ के लिए राख की आपूर्ति की जा रही है। 24 अगस्त 2024 को हेमस कार्पोरेशन नामक एक कंपनी ने एनएचएआइ का एक पत्र जमा किया, जिसमें 56,759 क्यूबिक मीटर राख उरगा- पत्थलगांव फोरलेन में आपूर्ति किए जाने की पुष्टि की गई थी। इसी तिथि में एक लाख 32 हजार 230 क्यूबिक मीटर राख कोरबा-चांपा मार्ग में आपूर्ति किए जाने का एक और पत्र जमा किया गया है। इस तरह कुल एक लाख 88 हजार 989 क्यूबिक मीटर राख आपूर्ति का फर्जी एनओसी प्रस्तुत कर 180 रुपये प्रति क्यूबिक मीटर की दर से करीब 3.40 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त कर लिया गया। एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डीडी परलावार ने डीएसपीएम के साथ एनटीपीसी सीपत, कोरबा, लारा, एचटीपीपी, बालको, मड़वा समेत अन्य राखड़ परिवहन संबंधित विद्युत संयंत्र प्रबंधन को पत्र लिख कर फर्जी एनओसी की जानकारी दी है, साथ ही ऐसे मामले में एफआइआर कराने कहा गया है।

इससे पहले नईदुनिया में मानिकपुर के बंद खदान में 2.71 लाख क्यूबिक मीटर राख डंप करने का फर्जी बिल प्रस्तुत कर करीब पांच करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त कर, सीएसपीजीसीएल को चूना लगाए जाने का मामला प्रकाशित किया गया था। इसे पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी पी पांडेय ने लेते हुए हसदेव थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एचटीपीपी) व डीएसपीएम के मुख्य अभियंताओं को नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है। पांडेय ने कहा है कि राखड़ में फर्जीवाड़ा किए जाने की पुष्टि होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यहां बताना होगा कि फोरलेन व मानिकपुर खदान दोनों में ही राख आपूर्ति का बोगस बिल भुगतान तत्कालीन अधीक्षण यंत्री के कार्यकाल में हुआ, अब वे सेवानिवृत हो गए हैं।